आकाषवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 04.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के बीसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कियां कहा – शिक्षा केवल आत्मनिर्भर बनने का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की प्रेरणा हैं
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का शुभारम्भ कियां
- अल्मोड़ा जिले के सूर्यमंदिर कटारमल परिसर में योग का हुआ सामूहिक अभ्यासं केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह कियां
- टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने नैनबाग में शरदोत्सव का उद्घाटन कियां

राश्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा केवल आत्मनिर्भर बनने का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की प्रेरणा हैं वे आज नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के बीसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं इस दौरान राश्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और उपाधियां प्रदान कीं श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों से अपनी शिक्षा का उपयोग वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान कियां उन्होंने कहा कि शिक्षा, व्यक्ति में बौद्धिकता, कौशल और नैतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और सरकार युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सरकार का लक्ष्य है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगीं

इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विद्यार्थियों से हर प्रकार के नशे और ड्रग्स से दूर रहने का आग्रह कियां उन्होंने कहा कि सच्चा आनंद नशे में नहीं, बल्कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति सेवा और सृजन में हैं उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा वही है, जो स्वयं को और अपने समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाएं

मुख्यमंत्री / लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की रजत जयंती वर्ष समारोह की श्रृंखला में ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में आज राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का शुभारम्भ कियां इस अवसर पर उन्होंने 46 करोड़ 24 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कियां इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग सशक्तिकरण कौशल विकास वाहन और नगर निगम काशीपुर के 14 कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को हरी

झंडी दिखाकर रवाना कियां इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा इस सम्मेलन में निकायों के विकास की संभावनाएं और भविश्य के रोड मैप को लेकर सभी निकायों के प्रतिनिधि उत्तराखंड को देष का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगें

षोभा यात्रा

गुरुनानक जी के जन्मोत्सव से पूर्व आज ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में शोभा यात्रा के रूप में नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में सिख धर्म के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लियां नगर कीर्तन में गुरुग्रंथ साहिब की पालकी पर लोगों ने मत्था टेककर गुरुग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लियां महिलाओं ने रास्ते की सफाई कर श्रमदान कियां नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टी ने गतके का प्रदर्शन कियां

सूर्यमंदिर / योगाभ्यास

उत्तराखंड रजत जयंती उत्सव के तहत आज अल्मोड़ा जिले के प्रसिद्ध सूर्यमंदिर कटारमल परिसर में योग का सामूहिक अभ्यास किया गयां इसमें केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित स्थानीय स्कूलों के छात्र–छात्राएं और आईटीबीपी के अधिकारी उपस्थित रहें इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करायां साथ ही योग साधकों को योग की शपथ भी दिलाई गईं इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता लाई जा सकती हैं उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का वह उपहार है, जिसने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य का नया मार्ग दिखाया हैं उन्होंने सभी योग साधकों से आग्रह किया कि योग को सिर्फ एक दिन का उत्सव न बनाकर, इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं

षरदोत्सव

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने आज आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, नैनबाग में सरदार सिंह रावत की मूर्ति पर मल्यार्पण कर शरदोत्सव का उद्घाटन कियां इस मौके पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी लीं पिछड़ी अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास समिति नैनबाग के तत्वावधान में आयोजित षरदोत्सव में विभिन्न स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दीं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरह से इस क्षेत्र के लोग अपनी संस्कृति से जुड़कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय हैं

षरदोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल और षिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित किया गयां

बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला

पौड़ी के श्रीनगर में बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला षुरू हो गया हैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मेले के शुभारंभ अवसर पर जनता को वर्चुअली संबोधित कियां उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक लोक परंपराओं का प्रतीक हैं इस प्रकार के पारंपरिक मेले हमें, हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी संरक्षित किया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि मंदिरों का ये शहर धार्मिक, ऐतिहासिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं

जन–जागरुकता रैली

जिला गंगा सुरक्षा समिति, अल्मोड़ा की ओर से राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ''नमामि गंगे'' के तहत आज गंगा महोत्सव का आयोजन किया गयां इस अवसर पर मां नंदा देवी मंदिर परिसर से अल्मोड़ा के मुख्य बाजार और गांधी पार्क चौघानपाटा तक जन–जागरुकता प्रभात रैली निकाली गईं रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और समिति के अधिकारियों व सदस्यों ने भाग लियां जिला गंगा सुरक्षा समिति की सदस्य डॉ. वसुधा पंत ने कहा कि गंगा के संरक्षण को लेकर समिति पिछले कई वर्शों से गंगा उत्सव का आयोजन कर रही हैं